# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, काशीवार्ता, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 01.08.2025

### सारनाथ में वीडीए ने सील किए दो अवैध निर्माण

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बृहस्पतिवार को सारनाथ में दो अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया। सारनाथ वार्ड के दनियालपुर में योगेश कुमार गुप्ता की ओर से 160 वर्गमीटर में अवैध निर्माण किया गया, जिसे वीडीए ने सील कर दिया। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 01.08.2025

### पार्क में वर्दी में रहें माली

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को ए एम टू पीएम पार्क लालपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने इसके डिजाइन की सराहना की। साथ ही पार्क की फिनिशिंग और खराब झूलों को ठीक कराने के निर्देश दिए। पार्क में वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) का भी प्रावधान है। जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा पार्क में तैनात माली को वर्दी में रहने और प्रतिदिन सफाई का निर्देश दिया। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 01.08.2025

### लालपुर के पार्क में होगा जल संचयन

वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने लालपुर में बनाए गए एएम टू पीएम पार्क का निरीक्षण करने के साथ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। फिनिशिंग और झूलों में पाई गई कमियों को जल्द ठीक करने को कहा। पार्क में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) का भी प्रावधान है, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। वहां तैनात माली को वर्दी में रहने और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। (जासं)

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 01.08.2025

### दनियालपुर में वीडीए ने सील किए दो अवैध निर्माण

वाराणसी : वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर गुरुवार को अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन दो के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि दनियालपुर में योगेश कुमार गुप्ता, रोशन लाल व रूपेश अवैध निर्माण कर रहे थे। दोनों अवैध निर्माण को सील कर दिया गया है। (जासं)

## हिन्दुस्तान–दि0 01.08.2025

### निफ्ट वाराणसी से फैशन को मिलेगा नया आयाम



वाराणसी। निफ्ट वाराणसी फैशन डिजाइनिंग के डिग्री कोर्स में दाखिला लेने वाले 80 विद्यार्थियों का शैक्षणिक सत्र आरंभ हुआ। गुरुवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि सत्र का आरंभ किया। बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल हस्तम संकुल में उन्होंने कहा कि बनारस वस्त्र उद्योग का गढ़ रहा है। अब निफ्ट के आने से आधुनिक डिजाइन में बेहतर कार्य होंगे। एनआईएफटी वाराणसी के निदेशक प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहा कि फैशन केवल परिधान तक सीमित नहीं बल्कि यह समाज और संस्कृति के बदलते स्वरूप को दर्शाने वाला माध्यम है। इस दौरान संयुक्त निदेशक प्रो स्मृति यादव, डॉ मोहित वत्स रहे।

## काशीवार्ता–दि0 01.08.2025

# वीडीए के 14 सुरक्षा कर्मियों को नई तैनाती

### वरुणा नदी के किनारे और पांचों जोन में करेंगे सघन निगरानी

वाराणसी(काशीवार्ता)। अवैध निर्माणों की रोकथाम और सार्वजनिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा को लेकर वीडीए (वाराणसी विकास प्राधिकरण) ने बड़ा कदम उठाया है। वरुणा नदी के दोनों किनारों और जोन एक से पांच तक 14 सुरक्षा कार्मिकों का स्थानांतरण करते हुए नई तैनाती दी गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि यह तैनाती पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से की गई है। इन सुरक्षा कार्मिकों को संबंधित सात उप-जोन क्षेत्रों में नियमित गश्त, अवैध निर्माण की रोकथाम, और जोनों की सतत निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। कार्मिक किसी भी प्रकार के अतिक्रमण, अवैध निर्माण अथवा सार्वजनिक संपति को नुकसान की स्थिति में तत्काल रिपोर्ट जोनल अधिकारियों को देंगे। नवीन तैनाती पाने वालों में राम विलास, उमाशंकर यादव, जयशंकर सिंह यादव, शैलेश सिंह, रमेश कुमार सिंह, विजय बहादुर सिंह, अनिल कुमार मिश्रा, संतोष यादव, धर्मेंद्र नाथ त्रिपाठी, राम प्रसाद यादव, सेचन यादव, विनोद सिंह यादव, सुरेंद्र बहादुर यादव और एक अन्य अनिल कुमार मिश्रा शामिल हैं।

## न्यायाधीश–दि0 01.08.2025

# विकास प्राधिकरण में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण में चतुर्थ श्रेणी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों – श्री संतोष यादव, श्री रमेश शर्मा एवं श्री श्याम नारायण सिंह – के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा की गई तथा सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्राधिकरण की सेवा यात्रा में उनके समर्पण, अनुशासन एवं कार्यनिष्ठा के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।सचिव महोदय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ये कर्मचारी प्राधिकरण के लिए निष्ठा, सहयोग और समर्पण के प्रेरणास्रोत रहे हैं, जिनसे आने वाली पीढ़ी को सीख मिलेगी।कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रतीक चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता श्री अरविन्द शर्मा, जोनल अधिकारी श्री शिवाजी मिश्रा, श्री सौरव देव प्रजाति, श्री श्रीप्रकाश, अधिष्ठान प्रभारी श्री अवधेश पाण्डेय, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री अभिषेक सिंह एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध पाण्डेय सहित प्राधिकरण के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

तरूणमित्र न्यूज–दि0 01.08.2025

# निफ्ट के छात्र छात्राएं भारतीय फैशन की पहचान को वैश्विक स्तर पर और सशक्त बनाएंगे : पुलकित गर्ग

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, वाराणसी परिसर में गुरुवार को आयोजित तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम संस्थान परिसर, दीन दयाल हस्तकला संकुल, बड़ा लालपुर, चांदमारी में संपन्न हुआ।



निफ्ट के विद्यार्थियों संग मौजूद वीडीए वीसी पुलकित गर्ग, निदेशक प्रो संजय श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक प्रो. स्मृति यादव व अन्य प्राध्यापक गण

कार्यक्रम का शुभारंभ वीडीए वीसी पुलकित गर्ग, प्रो संजय श्रीवास्तव (निदेशक), प्रो स्मृति यादव (संयुक्त निदेशक) एवं संकाय सदयों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि पुलकित गर्ग ने अपने संबोधन में बताया कि उनका निफ्ट वाराणसी से विशेष लगाव रहा है, क्योंकि इसके शिलान्यास काल से ही संस्थान की प्रगति में सक्रिय योगदान रहा है। उन्होंने निफ्ट वाराणसी के प्रथम वर्ष के छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने पर बधाई दी। और कहा कि फैशन केवल परिधान तक सीमित नहीं, बल्कि यह समाज और संस्कृति के बदलते स्वरूप को दर्शाने वाला सशक्त माध्यम है। पुलकित गर्ग ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि निफ्ट के छात्र-छात्राएँ देश और दुनिया में प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे और भारतीय फैशन की पहचान को वैश्विक स्तर पर और सशक्त बनाएंगे।